


# 08-13 अगस्त

- हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के 18 जिला परिषद सदस्यों का संसद भ्रमण
- हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ‘तिरंगा बाइक रैली’
- चेन्नई में यूनिसेफ इंडिया द्वारा ‘इम्पैक्ट विद यूथ कॉन्क्लेव’
- चेन्नई में चौथी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच




धूमधाम और ढोल नगाड़ों के साथ 'सांसद भारत दर्शन 2.0' की 21 मेधावी बेटियों का हमीरपुर संसदीय क्षेत्र पहुँचने पर अभिनंदन किया गया।





## देवभूमि हिमाचल प्रदेश में बारिश व बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी देने के लिये केंद्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी से भेंट की।

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से सड़कों व घरों के नुक़सान की बात माननीय मंत्री जी के समक्ष प्रमुखता से उठाई और प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत 2,700 किलोमीटर सड़क का निर्माण व प्रधानमन्त्री आवास योजना के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए 5,000 घरों के निर्माण की माँग की। माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी ने उपरोक्त दोनों ही माँगों को तत्काल स्वीकार कर लिया जोकि हम सबके लिए हर्ष की बात है।





हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बिलासपुर, धर्मपुर व देहरा- जसवां प्रागपुर के 18 जिला परिषद सदस्यों के साथ संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से भेंट कर हिमाचल प्रदेश में सड़कों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया।





**मेरे आमंत्रण पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बिलासपुर, धर्मपुर व देहरा-जसवां प्रागपुर के 18 जिला परिषद सदस्य संसद भवन आए।**

संसद भवन में इन सदस्यों से संवाद के दौरान माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी ने हिमाचल प्रदेश से जुड़े अपने कई अनुभव साझा किए व सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएँ दीं।



संसद भ्रमण पर मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आए ज़िला परिषद सदस्यों को अपना अमूल्य समय, स्नेह व मार्गदर्शन देने के लिए माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी, शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी, जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी , रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी, व मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपाला जी का हार्दिक आभार।





मेरे आमंत्रण पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बिलासपुर, धर्मपुर व देहरा- जसवां प्रागपुर के 18 जिला परिषद सदस्यों का दल दिल्ली भ्रमण पर है। संसद भवन में इन सदस्यों ने लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिरला जी व रक्षा मंत्री आदरणीय श्री राजनाथ सिंह जी से भेंट की ।



मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आए जिला परिषद सदस्यों को अपना अमूल्य समय व मार्गदर्शन देने के लिए माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी जी, वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल जी, कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी, वरिष्ठ सांसद श्री नीरज शेखर जी, श्री सुरेन्द्र नागर जी का हार्दिक आभार।





आजादी के 76 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में और पिछले वर्ष के 'हर घर तिरंगा अभियान' को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष भी, प्रत्येक नागरिक अपने घरों में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। इस बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, साथी सदस्यों के साथ एक तिरंगा बाइक रैली में भाग लिया।






**चेन्नई में यूनिसेफ इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित 'इम्पैक्ट विद यूथ कॉन्क्लेव' में भाग लिया।**

जैसे-जैसे हम कर्त्तव्य काल में प्रवेश कर रहे हैं, और 2047 की ओर बढ़ रहे हैं, एक विकसित राष्ट्र के हमारे पूर्वजों के लक्ष्यों को प्राप्त करने की जिम्मेदारी हमारे युवाओं के मजबूत कंधों पर है।




**चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चौथी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल का रोमांचक मैच देखा!**

**“हाफ-टाइम तक 1-3 से पीछे रहना और 4-3 के साथ रिकॉर्ड चौथी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना वास्तव में अभूतपूर्व है।”**






# PHOTO OF THE WEEK




# REEL OF THE WEEK